40वाँ 'हुनर हाट'

हाल ही में मुंबई में 'हुनर हाट' (Hunar Haat) के 40वें संस्करण का उद्घाटन किया गया। इस संस्करण में 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से आए 1000 से अधिक शिल्पकारों और कारीगरों ने भाग लिया।

प्रमुख बिंदु

- **हुनर हाट के बारे में:**
  - वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में हुनर हाट की अवधारणा देश की कला और शिल्प की पुश्तैनी विरासत की रक्षा एवं उसे बढ़ावा देने, पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों का समर्थन करने के लिये प्रस्तुत की गई है।
  - हुनर हाट प्रदर्शनी में वे चुने गए कारीगर शामिल होते हैं जिनके पूर्वज इस तरह के पारंपरिक हस्तनिर्मित कार्यों में शामिल थे और अभी भी इस पेशे में संलग्न हैं।
- **थीम:**
  - “वोकल फॉर लोकल’’ (Vocal for Local) और "बेस्ट फ्रॉम वेस्ट"(Best from Waste)
- **उद्देश्य:**
  - कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक पाकशाला विशेषज्ञों को बाज़ार तक पहुँच प्रदान करने तथा रोज़गार के अवसर प्रदान करना।
  - उन शिल्पकारों, बुनकरों और कारीगरों के कौशल को बढ़ावा देना जो पहले से ही पारंपरिक पुश्तैनी कार्यों में संलग्न हैं।
- **आयोजककर्त्ता:**
  - हुनर हाट अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा **‘उस्ताद’ (विकास के लिये पारंपरिक कला/शिल्प में कौशल और प्रशिक्षण उन्नयन) योजना** के तहत आयोजित किया जाता है।
    - उस्ताद योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों की पारंपरिक कला एवं शिल्प की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है।
- **महत्त्व:**
  - हुनर हाट जैसी पहलों से **आत्मनिर्भर भारत** की अवधारणा को मज़बूत किया जा रहा है।
  - इनके तहत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ताकि लोगों को रोज़गार तलाशने वाले के स्थान पर रोज़गार देने वाला बनाया जा सके। उदाहरण के लिये:
    - **'तेजस' कौशल कार्यक्रम** भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है।
      - तेजस’ कौशल कार्यक्रम के तहत भारत की योजना संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में कुशल कामगारों भेजने की है। एक वर्ष के भीतर नौकरी चाहने वाले 30,000 कुशल श्रमिकों को संयुक्त अरब अमीरात भेजा जाएगा।
  - हुनर हाट के माध्यम से **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** की भावना स्पष्ट होगी और **'विविधता में एकता'** के सार का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

आगे की राह:

- **अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय** को देश भर में नियोजित **हुनर हाट के भविष्य के संस्करण में एक साथ अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित** करने की व्यवहार्यता की जाँच करनी चाहिये।
- साथ ही अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय **विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों** के साथ गठजोड़ कर सकता है ताकि छात्रों को एक्सपो में लाया जा सके तथा **'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट'** की अवधारणा को मूर्तरूप प्रदान किया जा सके।

स्रोत:पी.आई.बी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/40th-hunar-haat